exam WiNNER

809

**SAMAGRA SHIKSHA, KERALA**

**ANNUAL EVALUATION - 2021-2022**

**A**

Third Language
**HINDI**

**Time : 90 minutes**

**STD. VIII**

**Score : 40**

निर्देश :

- पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ़ टाईम है। इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

**सूचना : 'शाहंशाह अकबर को कौन सिखाएगा' लोककथा का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> "इन सबका क्या मतलब है?" शाहंशाह गरजे। "मैंने तुमसे ऐसे लोगों को लाने के लिए कहा था जो मुझे कुछ सिखा सकें और तुमने मेरा महल, राज्य की आधी जनता से भर दिया? अब जवाब दो!" "माफ़ी चाहता हूँ, जहाँपनाह, मैंने तो बस, आपके आदेशों का पालन किया है।" बीरबल ने जवाब दिया।

1. 'मेरा' में निहित सर्वनाम कौन-सा है? 1

(क) वह (ख) यह (ग) मैं (घ) तुम

**अथवा**

"तुमने मेरा महल, राज्य की आधी जनता से भर दिया?" -यह किसने कहा?

2. शाहंशाह के क्रुद्ध होने का कारण क्या था? 2

**अथवा**

अकबर हर चीज़ को सीखना चाहते थे। इससे उनका कौन-सा मनोभाव प्रकट होता है?

3. अकबर और बीरबल के बीच की **बातचीत** को आगे बढ़ाएँ। 4

अकबर : इन सबका क्या मतलब है?

बीरबल : मैंने तो बस, आपके आदेशों का पालन किया है?

.................................................................................

**अथवा**

प्रस्तुत लोककथा के आधार पर **चार** सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

- सभी लोग शिक्षक हैं और विद्यार्थी भी।
- बीरबल को शाहंशाह की पढ़ाई का इंतज़ाम करना था।
- अकबर की पढ़ाई का इंतज़ाम करने में बीरबल असमर्थ हुए।



exam WiNNER

- हर व्यक्ति में कुछ-न-कुछ क्षमता है।
- हमें सीखना चाहिए कि एक अच्छा इंसान कैसे बन जा सकता है।
- किसान, मज़दूर आदि से हम कुछ नहीं सीख सकते।

**सूचना : 'ज्ञानमार्ग' एकांकी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 4 और 5 के उत्तर लिखें।**

> शिष्यो, ध्यान रहे। वह ज्ञान जिससे अपना या दूसरों का नुकसान हो ज्ञान नहीं बल्कि अज्ञान है। ज्ञान तो सबकी भलाई के लिए ही होता है।

4. गुरुजी के अनुसार ज्ञान का महत्व क्या है? 2

**अथवा**

अहंकार के कारण हर राजकुमार अपने को बड़ा ज्ञानी मानता है। वास्तव में बड़ा ज्ञानी कौन है?

5. सितंबर 14 हिंदी दिवस को आपके स्कूल में 'ज्ञानमार्ग' एकांकी का मंचन होनेवाला है। इसके लिए एक **पोस्टर** तैयार करें। 4

**सूचना : 'सुख-दुख' कविता की पंक्तियाँ पढ़ें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> सुख-दुख के मधुर मिलन से
> यह जीवन हो परिपूरन;
> फिर घन में ओझल हो शशि
> फिर शशि से ओझल हो घन!

6. 'ओझल हो' का अर्थ क्या है? 1

   (क) संतुष्ट हो (ख) अप्रत्यक्ष हो (ग) असंतुष्ट हो (घ) परिपूर्ण हो

7. 'मधुर मिलन' में विशेषण शब्द कौन-सा है? 1

8. कवि के अनुसार हमारा जीवन कैसे परिपूर्ण हो जाता है? 2

**सूचना : 'पिता का प्रायश्चित' संस्मरण का सारांश पढ़ें और प्रश्न 9 और 10 के उत्तर लिखें।**

> अरुण गाँधी अपने पिता के साथ कार से शहर गए। उन्हें एक मीटिंग की जगह छोड़कर अरुण गाँधी सिनेमा देखने गए। पिताजी ने उनसे पाँच बजे वापस आने को कहा था। लेकिन अरुण गाँधी देर से वापस पहुँचे और उनसे झूठ बोले। अपने पुत्र की गलती समझकर पिताजी प्रायश्चित के रूप में वापस पैदल चलने लगे।

9. उस दिन अरुण गाँधी ने निर्णय लिया था- "मैं कभी झूठ नहीं बोलूँगा।" क्यों? 2

**अथवा**

अरुण गाँधी के पिताजी प्रायश्चित के रूप में वापस चलने लगे। उनका यह निर्णय सही है या गलत? क्यों?



exam WINNER®

10. अरुण गाँधी की उस दिन की **डायरी** लिखें। 4

**अथवा**

अरुण गाँधी ने अपने उस दिन के अनुभव बताते हुए मित्र को पत्र लिखा। वह **पत्र** कल्पना करके लिखें।

**सूचना : 'बात उस मंगलवार' की डायरी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 11 और 12 के उत्तर लिखें।**

> यहीं जंगल के बीच ये सभी मेरे क्लीनिक हैं। मुझे इसी तरह का डॉक्टर बने रहना है। यही काम मुझे अच्छा लगता है।

11. डॉ. रमणी अटकुरी कहाँ क्लीनिक चलाना चाहती हैं? 1

12. डॉ. रमणी अटकुरी की **दो** चरित्रगत विशेषताएँ चुनकर लिखें। 2

- गरीब गाँववालों की चिकित्सा करनेवाली।
- बड़े-बड़े अस्पतालों में जाकर काम करनेवाली।
- अपनी सुख-सुविधाएँ देखकर काम करनेवाली।
- कर्तव्यनिष्ठ और निस्वार्थ भाव से काम करनेवाली।

**सूचना : दोहा पढ़ें और प्रश्न 13 और 14 के उत्तर लिखें।**

> बड़ा हुआ तो क्या हुआ, जैसे पेड़ खजूर।
> पंथी को छाया नाहिं, फल लागै अतिदूर।।

13. जो व्यक्ति परोपकारी नहीं, उसकी तुलना किस पेड़ से की गई है? 1

**अथवा**

प्रस्तुत दोहे के रचनाकार कौन हैं?

14. इस दोहे के संबंध में सही प्रस्ताव कौन-सा है? 1

- मात्र बड़े होने से कोई प्रयोजन नहीं।
- ज्ञान बाहरी दिखावा है।

**सूचना : 'इस बारिश में' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्न 15 और 16 के उत्तर लिखें।**

> अगली फसल होते ही सब चुकता कर दूँगा
> अब तो मेरी झूठी
> ये गुज़ारिश भी चली गई
> उसीके पास अब मेरी बारिश भी चली गई।

15. इन पंक्तियों में किसका चित्रण है? 1

(क) किसान की गरीबी का (ख) किसान की संपन्नता का

(ग) ज्ञान के अहंकार का (घ) डॉक्टर की सेवा का

16. कवितांश का आशय लिखें। 4

**अथवा**

'जल बैंक' शीर्षक व्यंग्य लेख में हमने जल के महत्व का परिचय पाया था। जल संरक्षण की आवश्यकता पर **चार नारे** बनाएँ; जैसे– 'जल ही जीवन है।'

**सूचना : 'सफेद गुड़' कहानी का यह सारांश पढ़ें और प्रश्न 17 और 18 के उत्तर लिखें।**

> एक लड़का अपनी माँ के साथ रहता था। उसे सफेद गुड़ खाने की तीव्र इच्छा थी। लेकिन उसकी माँ के पास पैसे नहीं थे। वह लड़का नमक खरीदने बाज़ार गया। वहाँ एक दूकानदार ने उससे कहा था– "पैसे मत देना। मेरी ओर से थोड़ा-सा गुड़ ले लो।" लेकिन उस लड़के ने मुँह फिरा लिया और चल दिया। दूसरों की दया वह नहीं चाहता था।

17. लड़के ने मुँह फिरा लिया और चल दिया। क्यों? 1

(क) उसे दुकानदार पसंद नहीं था। (ख) उसे गुड़ पसंद नहीं था।

(ग) वह केवल नमक खरीदना चाहता था। (घ) वह दुकानदार की दया नहीं चाहता था।

18. कहानी के अनुसार **सही मिलान** करें। 3

| | |
|---|---|
| नमक खरीदने के लिए | कोई नहीं था। |
| घर में उसे माँ के सिवा | इसलिए वह गुड़ खरीद न सका। |
| माँ गरीब थी | लड़का बाज़ार गया। |

**सूचना : 'खूबसूरत अनुभूति है एवरेस्ट' साक्षात्कार का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 19 और 20 के उत्तर लिखें।**


> मैं बचपन से ही बहुत जिज्ञासु थी और यही जिज्ञासा मेरी प्रेरणा बनी। बर्फ़ से ढके पहाड़ों पर चढ़ने की जिज्ञासा बहुत पहले से ही थी।

19. उचित रूप से पूरा करें। 1

| | |
|---|---|
| मैं बहुत जिज्ञासु हूँ। | तुम बहुत जिज्ञासु .......। |

20. कोष्ठक के शब्दों से पिरामिड की पूर्ति करें। 2

(पहाड़ों पर, बहुत)






exam WiNNER®